# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

**दिनांक : 04 अप्रैल, 2016 को सम्पन्न हुई विश्वविद्यालय सभा की बैठक संख्या 1/2016 की कार्यवाही**

उपस्थिति

| | |
|---|---|
| 1. महामहिम कुलाधिपति/राज्यपाल राम नाईक | अध्यक्ष |
| 2. डॉ0 एस0बी0 निमसे | कुलपति/सदस्य |
| 3. प्रो0 यू0एन0 द्विवेदी प्रतिकुलपति | सदस्य |
| 4. श्री धर्मेन्द कुमार | सदस्य |
| 5. प्रो0 पद्मकान्त | सदस्य |
| 6. डॉ0 रीता चौधरी | सदस्य |
| 7. डॉ0 आर0के0 वर्मा | सदस्य |
| 8. प्रो0 बी0के0 तिवारी | सदस्य |
| 9. प्रो0 (श्रीमती) कीर्ति सिन्हा | सदस्य |
| 10. डॉ0 एस0एम0 नकवी | सदस्य |
| 11. श्री अनिल कुमार सिंह | सदस्य |
| 12. श्री देवी प्रसाद चौधरी | सदस्य |
| 13. डॉ0 श्याम बाबू गुप्ता | सदस्य |
| 14. डॉ0 हरिभाऊ गोपीनाथ खाण्डेकर | सदस्य |
| 15. श्री सुरेश चन्द्र उपाध्याय | सदस्य |
| 16. प्रो0 राम गणेश | सदस्य |
| 17. प्रो0 ओ0एन0 मिश्रा | सदस्य |
| 18. प्रो0 एस0 लवानिया | सदस्य |
| 19. प्रो0 प्रवीन नागर | सदस्य |
| 20. प्रो0 मधुरिमा | सदस्य |

| | |
|---|---|
| 21. प्रो0 रश्मि रेखा | सदस्य |
| 22. प्रो0 ममता मिश्रा | सदस्य |
| 23. प्रो0 अयोध्या दास श्रीवैष्णव | सदस्य |
| 24. प्रो0 कविता रस्तोगी | सदस्य |
| 25. प्रो0 विभूति राय | सदस्य |
| 26. प्रो0 मधु राजपूत | सदस्य |
| 27. प्रो0 डी0के0 सिंह | सदस्य |
| 28. प्रो0 पल्लवी भटनागर | सदस्य |
| 29. प्रो0 सुधा जैन | सदस्य |
| 30. प्रो0 ए0पी0 सिंह | सदस्य |
| 31. प्रो0 बृजेन्द्र सिंह | सदस्य |
| 32. प्रो0 आर0एस0 यादव | सदस्य |
| 33. प्रो0 मधु त्रिपाठी | सदस्य |
| 34. प्रो0 उमर कमालुद्दीन | सदस्य |
| 35. श्री संजय मेघावी | सदस्य |
| 36. डॉ0 मुकुल श्रीवास्तव | सदस्य |
| 37. श्री आजाद कुमार सोनकर | सदस्य |
| 38. डॉ0 कामना चन्द्रा | सदस्य |
| 39. प्रो0 प्रशान्त श्रीवास्तव | सदस्य |
| 40. डॉ0 यू0एन0 सिन्हा | सदस्य |
| 41. डॉ0 ए0 फारूकी | सदस्य |
| 42. डॉ0 शैली चन्द्रा | सदस्य |
| 43. डॉ0 डी0ए0 हैरिशन | सदस्य |
| 44. डॉ0 विनीत सिंह | सदस्य |
| 45. श्री शिव सिंह | सदस्य |

46. श्री अरूण कुमार पटेल — सदस्य
47. श्री जगदीश प्रसाद वर्मा — सदस्य
48. श्री राज कुमार सिंह — सदस्य
49. श्रीमती ज्योति कौल — सदस्य
50. श्री राम कृष्ण रस्तोगी — सदस्य
51. डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा (**I.A.S**) — कुलसचिव/सचिव

सर्वप्रथम बैठक के सचिव/कुलसचिव डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा ने कुलपति डॉ0 एस0बी0 निमसे से अनुरोध किया कि वे महामहिम कुलाधिपति/राज्यपाल श्री राम नाईक का स्वागत करते हुए सभा का उद्बोधन करने हेतु आमंत्रित करें। कुलपति प्रो0 एस0बी0 निमसे द्वारा यह अवगत कराया गया कि लगभग 35 वर्ष के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय में राज्यपाल सभा की अध्यक्षता कर रहे है, जिस पर सदन ने हर्ष व्यक्त किया। महामहिम कुलाधिपति/राज्यपाल श्री राम नाईक ने अपने उद्बोधन में उपस्थित समस्त माननीय सदस्यों का स्वागत किया और कुलपति डॉ0 एस0बी0 निमसे को सभा की कार्यवाही हेतु आदेशित किया। कुलपति डॉ0 एस0बी0 निमसे ने सचिव/कुलसचिव डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा को सभा की कार्यवाही का संचालन करने हेतु निदेशित किया। सचिव कोर्ट सभा/कुलसचिव लखनऊ विश्वविद्यालय डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा द्वारा बिन्दुवार सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

## बैठक के कार्यवृत्त

मद 01: दिनाँक 30.06.2015 को सम्पन्न हुयी सभा की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि निम्न संशोधन के साथ की गयी:–

**"दिनांक 30.06.2015 को सम्पन्न हुई विश्वविद्यालय सभा की बैठक के विनिश्चय संख्या 1 पर लिपिकीय त्रुटि संशोधित करते हुए अंकित विश्वविद्यालय सभा द्वारा दिनांक 1.03.2014 के स्थान पर विश्वविद्यालय सभा द्वारा दिनांक 10.03.2014 पढ़ा जाये।"**

मद 02: विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट शैक्षणिक सत्र 2014–2015 पर सचिव/कुलसचिव द्वारा यह बताया गया कि विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट शैक्षणिक सत्र 2014–2015 का आलेख प्रो0 एन0के0 पाण्डेय निदेशक, आई0पी0पी0आर0 द्वारा तैयार किया गया जो समस्त माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। सचिव द्वारा प्रो0 एन0के0 पाण्डेय, निदेशक, आई0पी0पी0आर0 से निवेदन किया कि वे आकर विस्तृत जानकारी समस्त माननीय सदस्यों को दें। प्रो0 एन0के0 पाण्डेय ने वार्षिक रिपोर्ट शैक्षणिक सत्र 2014–2015 का आलेख पढ़कर समस्त माननीय सदस्यों को सुनाया। माननीय सदस्यों द्वारा उठाये गये सभी प्रश्नों का उत्तर दिये जाने के उपरान्त वार्षिक रिपोर्ट शैक्षणिक सत्र 2014–2015 के आलेख पर सर्वसम्मिति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद 03: विश्वविद्यालय के सत्र 2014–2015 के वार्षिक लेखों तथा महालेखाकार के सम्परीक्षा आख्या वर्ष 2013–2014 पर विस्तृत चर्चा की गयी जिस पर वित्त अधिकारी महोदय द्वारा समस्त माननीय सदस्यों को सम्परीक्षा आख्या का संक्षिप्त विवरण पढ़कर सुनाया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि जिन कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा अग्रिम धनराशि ली गयी है उसकी प्रतिपूर्ति सम्बन्धित पत्र मेरे द्वारा निर्गत किया जा चुका है और जल्द से जल्द कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी। जिस पर समस्त माननीय सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद 04: विश्वविद्यालय की सत्र 2016–17 के आय–व्यय पर लखनऊ विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी श्री सुरेश चन्द्र उपाध्याय द्वारा समस्त माननीय सदस्यों को विस्तार से बताया गया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के आय व्यय के सापेक्ष शासन द्वारा वेतन मद में अनुदान 35 करोड़ से बढ़कर 48 करोड़ कर दी गयी है इस प्रकार 13 करोड़ की वृद्धि हो गयी है जो कि डी–फीज होने के उपरान्त और भी बढ़ने की सम्भावना है। समग्र विचारोपरान्त समस्त माननीय सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय की सत्र 2016–17 के आय–व्यय पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

राष्ट्रगान के साथ माननीय कुलपति महोदय द्वारा बैठक के समापन की घोषणा की गयी।

(राम नाईक) 8.6.16
अध्यक्ष
कुलाधिपति/राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

(डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा)
सचिव/कुलसचिव